आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

## उपराष्ट्रपति दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आज शिमला पहुंचेंगे। दोपहर करीब एक बजे उपराष्ट्रपति हेलिकाप्टर से शिमला के अनाडेल हेलीपैड पर उतरेंगे जहां से उनका काफिला राजभवन पहुंचेगा। राजभवन में उपराष्ट्रपति के लिए दोपहर भोज का आयोजन किया गया है। शिमला प्रवास पर उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ भी उनके साथ आ रही हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड कल सोलन जिला के नौणी स्थित बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय में शोधार्थियों और प्राध्यापकों के साथ संवाद करेंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## शशि थरूर

कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल ने कल रात वांशिंगटन में अमरीका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस से मुलाकात की। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष से लेकर तकनीकी सहयोग बढाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। इधर भारतीय जनता पार्टी सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रसेल्स में बेल्जियम चैंबर्स रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य पीटर डी.रोवर से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में रवि शंकर प्रसाद ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करने के लिए रोवर का आभार व्यक्त किया।

*अच्छी मुलाकातें हुई और पूरी व्यवस्था के लिए मैं एंबेंसडर कुमार और उनकी पूरी टीम का अभिनंदन करता हूं। पूरे ब्रसेल्स में यूरोपियन पारलेमेंट में बेल्जियम के पदाधिकारियों, विदेश विभाग, यूरोपियन पारलेमेंट सबसे मिलने के बाद एक निष्कर्ष लगा कि आतंकवाद की चिंता से वो भी परेशान हैं।*

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि बहुभाषी देश के होने के बावजूद भारत में अनेकता में एकता है और यही भारत की विशेषता है। शिमला स्थित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद की समस्याएं संबंधी विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर कल उन्होंने ये विचार व्यक्त किए। राज्यपाल ने कहा कि भाषायी लिपि यदि देवनागरी होती तो सभी भाषाओं को आसानी से समझा जा सकता है। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि प्राचीन, आध्यात्मिक धरोहरों के मूल्यों को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का सबसे प्रमुख माध्यम अनुवाद है। राज्यपाल ने सभी से अपने पौराणिक ग्रंथों को संरक्षित रखने का आह्वान किया।

कृषि अभियान

केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी देने व उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। कृषि विज्ञानं केंद्र सरु के वैज्ञानिक डॉ केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि अभियान के तहत रोजाना करीब 9 सौ किसानों से सीधा संवाद कर उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

*जो 15 दिवसीय अभियान है पूरे भारतवर्ष में 29 मई 2025 से शुरू हुआ है और ये अभियान 12 जून 2025 तक चलने वाला है। इस अभियान के अंतर्गत हमें जो लक्ष्य रखा गया है वो इन 15 दिनों के दौरान हर रोज एक टीम को तीन सौ किसानों से सीधा संवाद करना है। लगभग 13 हजार 500 जो किसान हैं हमारे चंबा जिला के अंदर उनके साथ हमारी सीधी जो पहुंच है वहां तक उनके साथ होनी चाहिए और वहां पे जो केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं हैं और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्य योजनाएं हैं कृषि से संबंधित उनकी जानकारी किसानों को देनी है और उनकी समस्याओं का समाधान उनके खेतों में जाकर देना है और साथ में उनका फीडबैक लेना है।*

मॉकड्रिल

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आज राज्यव्यापी भूकंप मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। राज्य और आपदा प्रबंधन के निदेशक व विशेष सचिव डीसी राणा ने कहा कि मॉकड्रिल के लिए प्रदेश के सभी 12 जिलों में उपमंडल स्तर तक भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा को लेकर परिदृश्य बनाया जाएगा और सभी इस अभ्यास में सक्रिय तौर पर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि यह मैगा मॉक अभ्यास प्रदेश में आपदा प्रबंधन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगा।

प्रतियोगिता

राजधानी शिमला में आज से देशभर के 20 राज्यों के कलाकार और 13 राज्यों की प्रमुख नाट्य मंडलियों के लगभग एक हज़ार कलाकार 70वीं अखिल भारतीय नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुँच रहे है। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में "स्वच्छ हिमाचल" और नशा मुक्त भारत जैसे विषयों पर नुक्कड़ नाटक और जन–जागरूकता रैलियाँ भी आयोजित की जाएँगी। वहीं समापन के बाद 11 जून को "कला कुंभ शिमला" नाम से एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें देश के प्रमुख शास्त्रीय नर्तक अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे और मॉल रोड पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए जाएँगे ।

ग्रीष्मोत्सव

अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला कल सम्पन्न हो गया। ग्रीष्मोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में कल शाम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने ग्रीष्मोत्सव शिमला 2025 की स्मारिका का भी विमोचन किया। सांस्कृतिक संध्या में अंजली नानक, नेहा दीक्षित और पंजाबी गायक अखिल ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया।